जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

18 मार्च, 2025

प्रेस विज्ञप्ति

यूएसआईईएफ प्रतिनिधिमंडल ने एकेडेमिक कोलोब्रेशन को सुदृढ़ करने के लिए किया जामिया का दौरा

जामिया मिल्लिया इस्लामिया (जेएमआई) को यूनाइटेड स्टेट्स-इंडिया एजुकेशनल फाउंडेशन (यूएसआईईएफ) के एक हाई-प्रोफ़ाइल प्रतिनिधिमंडल की मेजबानी करने का विशिष्ट सम्मान मिला, जिसमें संयुक्त राज्य अमेरिका के प्रमुख विश्वविद्यालयों के प्रोवोस्ट, अंतर्राष्ट्रीय अधिकारी, शैक्षिक प्रशासक और वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल थे। इस विज़िट का उद्देश्य अकादमिक सहयोग को बढ़ावा देना, शिक्षा और प्रशासन में बेस्ट प्रैक्टिसेज का आदान-प्रदान करना और दोनों देशों के बीच संस्थागत साझेदारी के अवसरों की खोज करना था।

जामिया के कुलपति प्रो. मज़हर आसिफ ने प्रतिष्ठित प्रतिनिधियों का गर्मजोशी से स्वागत किया, जिन्होंने वैश्विक अकादमिक जुड़ाव और उत्कृष्टता के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता पर ज़ोर दिया। इस यात्रा ने विज़िट पर आए प्रतिनिधिमंडल और जामिया के वरिष्ठ पदाधिकारियों, जिनमें संकायों के डीन, केंद्रों के निदेशक और फुलब्राइट फेलो शामिल हैं, के बीच आकर्षक चर्चा के लिए एक अनूठा मंच प्रदान किया। दोनों पक्षों ने नवीन शैक्षिक पद्धतियों, प्रशासनिक ढाँचों और छात्र तथा संकाय आदान-प्रदान को बढ़ाने की रणनीतियों के बारे में बहुमूल्य जानकारी साझा की।

कुलपति द्वारा समृद्ध आदान-प्रदान और जामिया तथा विज़िट पर आए अमेरिकी संस्थानों के बीच भविष्य में सहयोग की संभावनाओं की प्रशंसा के साथ बातचीत का समापन हुआ।

चर्चा के बाद प्रतिनिधियों ने सेंट्रल इंस्ट्रूमेंटेशन फैसिलिटी (सीआईएफ) और एजेके मास कम्युनिकेशन रिसर्च सेंटर का दौरा किया। इन विज़िट ने उन्हें संकाय सदस्यों और छात्रों के साथ बातचीत करने का अवसर दिया, साथ ही एकेडेमिक लर्निंग, आधुनिक तकनीकों और वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए समर्पित विश्वविद्यालय की उन्नत सुविधाओं से सीधे तौर पर परिचित होने का अवसर दिया।

यह विज़िट भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के संस्थानों के बीच अकादमिक और अनुसंधान संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक और कदम है, जो शिक्षा में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने और क्रॉस-कल्चरल लर्निंग को बढ़ावा देने के साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ाती है।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया